प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 19.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

............................

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में कर्मयोगी सप्ताह का करेंगे शुभारंभ।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लंदन में इन्वेस्टर रोड शो के दौरान राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना का किया अनावरण।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने प्रदेश में निष्पक्ष चुनाव कराने के अधिकारियों को दिए निर्देश।
- राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग में प्रोग्रामर की प्रतियोगी परीक्षा 27 अक्टूबर को आयोजित की जायेगी।

............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में कर्मयोगी सप्ताह का शुभारंभ करेंगे। इस सप्ताह के दौरान मंत्रालयों और विभिन्न विभागों में नवनियुक्त कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। हर कर्मचारी को कम से कम 4 घंटे का पाठ्यक्रम पूरा करना होगा। इस सप्ताह के प्रख्यात वक्ता अपनी विशेषज्ञता से जुडे विषयों पर व्याख्यान देंगे। इस प्रशिक्षण से व्यक्तिगत प्रतिभागियों मंत्रालयों, विभागों और संगठनों की क्षमता का विकास होगा।

............................

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने दुनियाभर के निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए कल शाम लंदन में आयोजित इन्वेस्टर रोड शो के दौरान राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना आर आई पी एस 2024 का अनावरण किया। राज्य सरकार की इस प्रमुख निवेश प्रोत्साहन योजना के तहत सूचना प्रौद्योगिकी, बिजली, लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों के लिए नए प्रोत्साहन दिए गए हैं और कई नए क्षेत्रों को सनराइज सेक्टर में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि जयपुर को स्पोर्ट्स हब बनाने की दिशा में सरकार को बड़ी सफलता मिली है। राजस्थान रॉयल्स क्रिकेट टीम की मालिक कंपनी के साथ एक एमओयू किया गया है। इस एमओयू के तहत, जयपुर में खेलों को बढ़ावा देने के लिए स्टेडियम और अन्य आधारभूत सुविधाएं विकसित की जायेंगी। श्री शर्मा ने कल लंदन में आयोजित 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टर रोड़ शो के बाद यह बात कही। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और सरकार के प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्यों ने कल कई ब्रिटिश कंपनियों के साथ बैठकें की। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार का एक प्रतिनिधि मंडल ब्रिटेन और लंदन के दौरे पर है जहां राज्य में अलग–अलग क्षेत्रों में निवेश के लिए निवेशकों के साथ बैठकें की जा रही है। इससे पहले अपनी जर्मनी यात्रा के दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने जर्मनी सरकार के प्रतिनिधियों से बातचीत कर उन्हें 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के 'पार्टनर कंट्री' के रूप भाग लेने के लिए आमंत्रित किया था। इस यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कई जर्मन कंपनियों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसके मद्देनजर 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के बैनर तले अब तक 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव आ चुके हैं।

............................

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने अधिकारियों को उप चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल में सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों की कड़ाई से पालना कराने के आदेश दिए है। उन्होंने स्वीप गतिविधियों पर फोकस करते हुए क्लस्टर बनाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भी विशेष प्रयास करने को कहा। श्री महाजन ने कल दौसा में विधानसभा उप चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक के दौरान ये निर्देश दिए।

............................

श्री महाजन ने दौसा उप चुनाव के लिए की गई तैयारियों की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने निगरानी दल, संयुक्त चेक पोस्ट, मतदान केन्द्रों, होम वोटिंग, वेब कास्टिंग, सी–विजिल एप, मतदाता जागरूकता गतिविधियां, एनफोर्समेंट एजेंसियां, मतदान दल गठन, ईवीएम प्रोटोकॉल, पुलिस जाप्ते आदि व्यवस्थाओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

.............................

राज्य में विधानसभा की सात सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए कल अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रकिया शुरू हो गई है। कल पहले दिन झुंझुनूं, दौसा, रामगढ, देवली–उनियारा, खींवसर, सलुंबर और चौरासी विधानसभा क्षेत्रों में किसी भी प्रत्याशी की ओर से नामांकन दाखिल नहीं किया गया। कल 20 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण नामांकन दाखिल नहीं किये जा सकेंगे। इधर सलूंबर विधानसभा सीट के लिए भारत आदिवासी पार्टी ने अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी ने जीतेश कटारा को एक बार फिर मौका दिया है।

.............................

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से 352 पदों के लिए सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग में प्रोग्रामर की प्रतियोगी परीक्षा का 27 अक्टूबर को आयोजित की जायेगी। परीक्षा दो पारियों में सुबह साढे दस बजे से दोपहर साढे बारह बजे तक और दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक होगी। आयोग की संयुक्त सचिव ऋषिबाला श्रीमाली ने बताया कि अभ्यर्थी आवंटित परीक्षा जिले की जानकारी कल से एसएसओ पोर्टल से ले सकेंगे। प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर एसएसओ पोर्टल पर 24 अक्टूबर को जारी किए जाएंगे। यह परीक्षा अजमेर सहित पांच मुख्यालयों पर आयोजित की जाएगी। 10 साल बाद हो रही इस परीक्षा के लिए 75 हजार से अधिक अभ्यार्थियों के आवेदन प्राप्त हुए हैं।

.............................

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारतीय रसायन और पेट्रोकेमिकल का बाजार साल 2025 तक लगभग 300 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। वर्तमान में पेट्रोकेमिकल बाजार 220 बिलियन डॉलर है। कल नई दिल्ली में 'पेट्रोकेमिकल्स पर गोलमेज सम्मेलन' में श्री पुरी ने भारत के पेट्रोकेमिकल क्षेत्र की विशाल क्षमता पर चर्चा की।

.............................

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय रबी कृषि सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। एक दिन के इस कार्यक्रम में कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर भी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य कृषि प्रणालियों में साझेदारी और नवाचार को बढ़ावा देना है ताकि रबी अभियान को सफल बनाया जा सके। इस अभियान के तहत विभिन्न मंत्रालयों, राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और संगठनों के अधिकारी आगामी रबी मौसम के लिए प्रमुख पहलों और रणनीतियों पर चर्चा करेंगे।

.............................

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज सीकर आ रहे हैं। श्री धनखड़ यहां एक निजी संस्थान के रजत जयंती वार्षिक समारोह में हिस्सा लेंगे। समारोह में उप मुख्यमंत्री और तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, स्वायत शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा भी भाग लेंगे।

.............................

भीलवाडा में आज टेक्सटाइल उद्यमियों के लिए एक दिवसीय कान्फेडरेशन ऑफ इंडियन टैक्सटाइल इंडस्ट्री की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला और रोड शो आयोजित किया जायेगा। यह आयोजन वस्त्र मंत्रालय और विभिन्न निर्यात संवर्धन परिषदों की ओर से नई दिल्ली में हो रहे विश्व स्तरीय टेक्सटाइल प्रदर्शन "भारत टैक्स 2025" के तहत किया जा रहा है। कार्यकम में वस्त्र मंत्रालय की ट्रेड एडवाइजर शुभ्रा सिंह भीलवाड़ा के उद्यमियों को वस्त्र मंत्रालय और उद्योग से संबंधित जानकारियां देंगी।

.............................

राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् के आयुक्त और राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी ने कल वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अधिकारियों को सरकारी स्कूलों में शाला दर्पण पर बालिका सुरक्षा और ऑनलाइन डेटा अपडेशन के निर्देश दिए। साथ ही जिलावार राजकीय विद्यालयों में मूलभूत आवश्यकताओं जैसे लैब और स्मार्ट क्लास की सूची भेजने और कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालयों का निरीक्षण करने तथा बालिकाओं की सुरक्षा में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राईजिंग राजस्थान कार्यक्रम के तहत शिक्षा विभाग दान–दाताओं और प्रवासी राजस्थानियों से शिक्षा में

निवेश करवाने के लिए प्रयास कर रहा है। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर के अधिकारी दान–दाताओं को ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से राइजिंग राजस्थान से जोड़ना सुनिश्चित करें ताकि दान–दाताओं को राज्य स्तर पर पहचान प्राप्त हो सके।

.............................

पाली में आज से मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय सर्जिकल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है इसमें राजस्थान सहित कई अन्य राज्यों से सर्जिकल डॉक्टर भाग लेगे साथ ही सीनियर सर्जिकल डॉक्टर्स आधुनिक तकनीको की वीडियो के माध्यम से जानकारी देंगे। कांफ्रेंस में दूरबीन पद्धति से होने वाले सर्जरी के बारे में बताया जाएगा और चिकित्सा के क्षेत्र में नई तकनीकों, नए उपकरणों सर्जिकल प्रक्रियाओं और मरीजों की देखभाल के तरीकों पर चर्चा की जाएगी। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

.............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 27 अक्टूबर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 25 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन सुझाव भी दिये जा सकते हैं।

.............................